दिनांक18.06.2024 ''स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई''

तेल्हा नाला के साथ ही अन्य छोटे-बड़े नालो का गहरीकरण एवं चैड़ीकरण का कार्य शीध्रता से जारी ,
भिलाईनगर।
नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के निवासियो को बरसात के समय पानी भराव की समस्या को रोकने के लिए नालो का सफाई अभियान शुरू किया गया है। प्रमुख रूप से तेल्हा नाला जिसमें आकर छोटे बड़े अन्य नाले मिलते है। नाले के गहरीकरण एवं चैड़ीकरण में बाधित अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में विवेकानंद नगर , बैकुण्ठधाम, सुन्दर नगर, पीताम्बर साईकल स्टोर्स, गौरव पथ, जलेबी चौंक, विकास पारा नाला, रामनगर, वृन्दानगर के बीच का नाला, नंदनी रोड, संत रविदास नगर, छावनी थाना परिसर, लाल मैदान, भगत सिंह चौंक, जय किराना स्टोर्स के पास तक की मुख्य एवं छोटे बड़े व चैड़े नालो के तली से सफाई की जा रही है। जिससे किसी प्रकार का कचरा आकर उसमे न फसें, वर्षा का पानी सुचारू रूप से निकल सके। कुछ परिवार ऐसे है जिनके द्वारा नाले के उपर अतिक्रमण करके कब्जा कर लिया गया है। बार-बार सूचना देने के बाद भी नहीं हटाया जा रहा है। ऐसे अतिक्रमण को नगर निगम भिलाई द्वारा तोड़कर साफ किया जा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर यह भी ध्यान दिया जा रहा है कि सफाई के साथ-साथ जो कचरा निकल रहा है, उसे तुरंत डम्फर द्वारा हटाने का कार्य भी किया जा रहा है।